संख्या: 84/2016/377/35-4-2016

प्रेषक ,

जे. बी. सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
इटावा ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ:दिनांक 10 मार्च,2016

विषय: वर्ष 2015-16 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद इटावा में पेयजल से संबंधित निम्नांकित कार्यों की उनके सामने इंगित लागत के अनुसार, जिसका कुल योग रू. 777.51 लाख (जिसमें अधिष्ठान व्यय एवं 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि सम्मिलित है) होता है, पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 155.50 लाख (रूपये एक करोड़ पचपन लाख पचास हजार मात्र) आपके निवर्तन पर रखे जाने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों के लिए कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम होगी :-

(लाख रू. में)

	कार्य	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
1	कुंजपुरा एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	14.49	2.89
2	परसौआ एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	13.70	2.74
3	अजनौरा एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	16.94	3.39
4	भीखनपुर एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	8.66	1.73
5	सराय भूपत एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	32.65	6.53
6	कुरसेना एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	36.41	7.28
7	धौलपुर खेड़ा एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	8.33	1.67
8	ककरई एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	36.15	7.23
9	कुकावली एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	20.64	4.13
10	भाली एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	23.09	4.61
11	भुजपुरा एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	21.24	4.24

http://upsamadesh.up.nic.in

	कार्य	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
12	बंधा एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	38.05	7.61
13	वियारी भटपुरा एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	13.73	2.75
14	लरखौर एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	15.36	3.07
15	खरदूली एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	18.66	3.73
16	रामेत एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	17.99	3.60
17	चकूपुर एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	19.46	3.89
18	अमरसीपुर भाऊपुर एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	33.21	6.64
19	उझियानी एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	44.06	8.82
20	भदेई काशीपुर एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	24.55	4.91
21	परासना एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	39.59	7.92
22	हरदोई एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	22.49	4.50
23	जाफरपुर एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	36.45	7.29
24	बीना एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	36.49	7.30
25	सुल्तानपुर राहिन एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	13.08	2.62
26	खेड़ा हेलू एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	37.84	7.57
27	मसनाई एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	14.99	3.00
28	मंजू एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	56.30	11.26
29	अगूपुर एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	31.26	6.25
30	मोहनपुर राहिन एकल ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के वितरण प्रणाली, जलाशय राईजिंगमेन एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण	31.65	6.33
	योग	**777.51**	**155.50**

1- स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।

http://rdasnabesh.up.nic.in

2- कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।

3- शासनादेश संख्या-10/2015-427/35-1-2015 दिनॉक 10 अप्रैल,2015 के क्रम में उक्त कार्य का अनुश्रवण ई-परियोजना प्रबंधन के अंतर्गत किया जायेगा। इसके लिये निम्नलिखित सूचनायें स्वीकृति निर्गत होने के एक पक्ष के अन्दर शासन को अवश्य उपलब्ध करा दी जाये:-

अ- परियोजना प्रबन्धक का नाम/पदनाम

ब- परियोजना प्रबन्धक का मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल आईी
(परिवर्तन होने पर अद्यावधिक सूचना शासन को उपलब्ध कराई जाये)

स- परियोजना प्रारम्भ हाने की अनुमानित/वास्तविक तिथि

द- परियोजना पूर्ण करने की अनुमानित तिथि

4- स्वीकृति निर्गत होने की तिथि से एक पक्ष में परियोजना को अलग-अलग चरणों में विभाजित करते हुये प्रत्येक चरण को पूर्ण करने की संभावित तिथियों का निर्धारण किया जायेगा। यह कट-आफ तिथियाँ माइलस्टोन के रूप में जानी जायेगी। इन माइलस्टोन्स में टेण्डर प्रक्रिया, अन्य विभागों से आवश्यक स्वीकृतियाँ/ अनापत्तियाँ, निर्माण कार्य के अलग-अलग चरण, उपकरण क्रय, सृजित अवस्थापना को संबंधित विभाग को हस्तान्तरित कर क्रियाशील बनाना आदि सम्मिलित होगा। इसी आधार पर कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा शासन द्वारा आनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से की जायेगी।

5- लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों को यथावत मानते हुए परीक्षण किया गया है, जिनमें कोई उल्लेखनीय परिवर्तन जैसे नये कार्य बढ़ाना, कार्यों के आकार एवं मार्ग की लम्बाई में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियाँ इस्तेमाल करना इत्यादि, सक्षम स्तर का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।

6- निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। विस्तृत आगणन यदि अनुमोदित मूल आगणन से उल्लेखनीय रूप से भिन्न (Significantly different) होते हैं, तो कार्य की वास्तविक लागत को शासन स्तर से अनुमोदित कराया जाना अपेक्षित होगा। इस प्रकार अनुमोदित विस्तृत आगणन की प्रति कार्य स्थल के विवरण इत्यादि सहित नियोजन विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी।

7- प्रश्नगत कार्यो के लिये नियमानुसार 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

8- प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा यथा संशोधित/स्वीकृत आगणन (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार किये जायेंगे।

9- जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्य हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।

10- परियोजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि को ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

http://prsanrakesh.up.nic.in

11- स्वीकृत की जा रही धनराशि जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।

12- स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च,2016 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2016 से पूर्व समर्पित किया जायेगा । स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा- जोखा 31 मार्च, 2016 तक प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

13- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2016 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।

14- जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणात्मक कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा।

15- कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा । कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। इस संदर्भ में अधिकृत थर्ड पार्टी निरीक्षणकर्ता को भी अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा।

16- कार्य स्थल पर इसे त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ कार्य के मुख्य विवरण शिला पट्टिका / बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।

17- यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के बाद वीडियोग्राफी भी करायी जाय।

18- स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 जल निगम का होगा और उनके द्वारा शासनादेश संख्या-10/2015-427/35-1-2015 दिनाँक 10 अप्रैल,2015 के क्रम में उक्त कार्य का अनुश्रवण ई-परियोजना प्रबंधन के अंतर्गत किया जायेगा। तदनुसार जनपदों से सूचना प्राप्त कर नियोजन विभाग की वेबसाइट **(http://planning.up.nic.in/)** पर कार्य की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति को अद्यावधिक किया जायेगा।

19- कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्बंधित ग्राम पंचायत को कर दिया जायेगा।

20- अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।

21- नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

22- त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय व्ययक में अनुदान संख्या- 40 -आयोजनागत-लेखाशीर्ष- 4215 -जलपूर्ति तथा सफाई पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत -01- जलपूर्ति -102- ग्रामीण जलपूर्ति -03-त्वरित आर्थिक विकास योजना- 01-जलपूर्ति कार्यक्रमों के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

http://planning.up.nic.in

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2014-231/2015 दिनांक 30 मार्च,2015 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(जे. बी. सिंह)
विशेष सचिव

संख्या: 84/2016/377(1)/35-4-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1-प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2-महालेखाकार, लेखापरीक्षा , प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3-प्रमुख सचिव/सचिव ग्राम्य विकास/नगर विकास / कृषि विपणन ।
4-प्रमुख सचिव, वित्त।
5-निजी सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी ।
6-मण□लायुक्त, कानपुर।
7-मुख्य विकास अधिकारी, इटावा।
8-प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
9-वरिष्ठ कोषाधिकारी, इटावा।
10-गार्□ फाईल।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12-राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, इटावा।

आज्ञा से ,

(जे. बी. सिंह)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in